उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 21.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने मोबाइल छिनैती की घटना का किया सफल अनावरण, घटना कारित करने वाले 04 नफर बाल अपचारियों को किया गया निरुद्ध, कब्जे से 01 अदद मोबाइल बरामद-

थाना अजनर के ग्राम अकौना निवासी गिरजेश चन्द्र पुत्र मोतीलाल थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत बेलाताल जा रहे थे कि बेलाताल श्रीनगर रोड पर स्थित औनेपुरा डेरा के पास चार लडको ने बीमारी का बहाना बनाकर गिरजेश चन्द्र को रोका व छपट्टा मारकर उनका मोबाइल रियल मी C51 जिसकी स्थानीय बाजार में कीमत करीब 12 हजार रुपया है, जिसको छीनकर भाग गये। वादी द्वारा इस घटना के सम्बन्ध में थाना कुलपहाड़ में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसके आधार पर थाना कुलपहाड़ में मु0अ0सं0 284/2024 धारा 304(2)/112(2) BNS बनाम चार अज्ञात लड़कों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कलुपहाड़ अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी बेलातात के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम (सादे वस्त्रों में) द्वारा उक्त घटना को कारित करने वाले बाल अपचारियों को आज दिनांक 21.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के एस0 के0 महाविद्यालय जैतपुर के पास से 04 नफर बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है। इन बाल अपचारियों के कब्जे से छीना हुआ 01 अदद मोबाइल रियल मी0 C51, कीमत करीब 12 हजार रु. को बरामद किया गया है। सभी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय भेजा जा रहा है।

### बरामदगी का विवरण:-

01 अदद मोबाइल रियल मी C51, कीमत करीब 12 हजार रुपये।

### गठित पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह
2. हे0कां0 अनिल सिंह
3. का0 कुलदीप सिंह
4. का0 विनय प्रताप सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाये जाने के उद्धेश्य से अवैध शस्त्र धारक अपराधियों की सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचन पर छतरपुर रोड पुलिस लाइन तिराहे पर बना यात्री प्रतिक्षालय के पास से 01 नफ़र अभियुक्त प्रेम कुमार अहिरवार पुत्र खेमचन्द्र अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मोहल्ला बन्धानवार्ड थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद की गई है। इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0-483/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी-

प्रेम कुमार अहिरवार पुत्र खेमचन्द्र अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष नि0 मु0 बन्धानवार्ड थाना कोतवाली नगर जिला महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली महोबा
2. का0 दीपेश कुमार 3. का0 करमवीर



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 21.09.2024

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के द्वारा गठित टीम उ0नि0 आकाश मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.जयपाल पुत्र झप्पू उम्र करीब 27 वर्ष 2.बृजेश पुत्र खूबचन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष 3.दुर्जन पुत्र मन्नू उम्र करीब 48 वर्ष निवासीगण ग्राम मौहारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को रेलवे फाटक बहद ग्राम बमौरी के पास से गिरफ्तार किया गया । इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1300 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते व जामातलाशी 1100 रुपये बरामद हुए । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में मु0अ0सं0 283/2024 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों का विवरण:-

1. जयपाल पुत्र झप्पू उम्र करीब 27 वर्ष
2. बृजेश पुत्र खूबचन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष
3. दुर्जन पुत्र मन्नू उम्र करीब 48 वर्ष

समस्त निवासीगण ग्राम मौहारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण:-

मालफड़ 1300 रुपये व अदद ताश 52के पत्ते व जामातलाशी 1100 रुपये

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 आकाश मौर्य
2. कां अजय कुमार 3.कां इन्द्रपाल चौहान 4.कां राजीव कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने 465 ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्ण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 सुरेश कुमार यादव द्वारा मय हमराह कर्मचारीगण के एक नफर अभियुक्त जागेश्वर तिवारी पुत्र परागीलाल तिवारी नि0 ग्रा0 कुड़ार थाना खरेला जनपद महोबा को ग्राम चन्दौली जाने वाली रोड पर वहद कस्बा खरेला जनपद महोबा 02 किमी0 पश्चिम दक्षिण से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 465 ग्राम सूखा नाजायज गाँजा बरामद करते हुये थाना स्थानीय मु0अ0सं0 105/2024 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 सुरेश कुमार यादव
2. का0 महेश प्रसाद

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

जागेश्वर तिवारी पुत्र परागीलाल तिवारी नि0 ग्रा0 कुड़ार थाना खरेला जनपद महोबा उम्र 65 वर्ष।

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 465 ग्राम सूखा नाजायज गाँजा बरामद होना।



## मिशन शक्ति अभियान फेज– IV के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया तथा उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस नोडल मिशन शक्ति श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में मिशन शक्ति अभियान फेज-IV के तहत संचालित कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 21.09.2024 को जनपद पुलिस टीम द्वारा, समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत कार्यशाला/ चौपाल/ विद्यालयों मे जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया साथ ही शोहदों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की गयी।

महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से सम्बंधित योजनाओं के पम्पलेट वितरित किये गए।

इसी क्रम में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत थाना अजनर में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी म0उ0नि0 अंकिता कुमारी व म0कां0 शीलाय यादव को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शिकायतकर्ता ने सूचना दी कि उसके पति द्वारा उसके साथ मारपीट एवं गालीगलौज की गई है, इस सूचना पर महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला के घर जाकर काउंसिलिंग की गई एवं उनके मध्य विवाद को सुलझाया गया, दोनो पक्षों ने महिला बीट अधिकारियों के इस कार्य की प्रशंसा की है दोनो अब इस प्रकरण पर कोई पुलिस कार्यवाही नही चाहते हैं।

